**खबर संक्षेप**

### गैस पाइप लाइन का कार्य कर रहा मजदूर तालाब में डूबा

**शहडोल।** जिले के बुढ़ार थाना क्षेत्र के कटकोना तालाब में सोमवार शाम नहाने उतरे एक मजदूर की डूबने से मौत हो गई। मृतक मजदूर गैस पाइपलाइन बिछाने के काम में लगा हुआ था। घटना के बाद पुलिस और एसडीआरएफ टीम ने तलाशी अभियान शुरू किया, लेकिन अंधेरा हो जाने से ऑपरेशन रोकना पड़ा। मंगलवार सुबह दोबारा शुरू किए गए रेस्क्यू ऑपरेशन में युवक का शव तालाब से बरामद किया गया। मिली जानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान राजेंद्र आदिवासी पिता सभाराम आदिवासी उम्र 19 वर्ष निवासी ग्वालियर के रूप में हुई है। वह बुढ़ार में गैस पाइपलाइन बिछाने का कार्य कर रहा था। सोमवार शाम राजेंद्र अपने साथियों के साथ कटकोना तालाब में नहाने गया था। नहाते समय वह अचानक गहरे पानी में चला गया और डूब गया। साथियों ने उसे बचाने की कोशिश की, लेकिन नाकाम रहे। साथियों ने घटना की सूचना तत्काल बुढ़ार पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की गंभीरता देखते हुए एसडीआरएफ टीम को बुलाया। टीम प्रभारी कोमल सिंह ने बताया कि सोमवार शाम सूचना मिलते ही सात सदस्यीय दल मौके पर भेजा गया था। उन्होंने रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू भी किया, लेकिन अंधेरा बढ़ने के कारण उसे रोकना पड़ा। मंगलवार सुबह टीम ने फिर से तलाशी अभियान चलाया और कुछ ही घंटों में शव को बाहर निकालकर पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने बताया कि मृतक के परिजनों को घटना की जानकारी दे दी गई है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा जाएगा।

### फर्जी तरीके से सिम कार्ड जारी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**शहडोल।** पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देश पर चलाए जा रहे ऑपरेशन फास्ट के तहत शहडोल पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है। जिले के गोहपारू थाना क्षेत्र में पी.ओ.एस. धारक द्वारा ग्रामीणों के नाम पर फर्जी तरीके से सिम कार्ड जारी करने का गंभीर मामला सामने आया है। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है, वहीं दूसरे आरोपी की तलाश जारी है। गोहपारू थाना क्षेत्र के ग्राम सरिहट निवासी अमित कुमार कुशवाहा पिता चिंता प्रसाद कुशवाहा को पुलिस ने हिरासत में लिया है। जांच में पाया गया कि आरोपी ने अपने साथी के साथ मिलकर ग्रामीण जनता से उनके आधार कार्ड की प्रतियां और बायोमैट्रिक अंगूठे का निशान लेकर धोखाधड़ी की। ग्रामीणों को बिना जानकारी दिए उनके नाम पर मोबाइल सिम कार्ड जारी कर दिए गए और इनका दुरुपयोग किया गया। पुलिस जांच में यह भी खुलासा हुआ है कि ग्रामीणों के नाम पर जारी मोबाइल नंबरों का इस्तेमाल संदिग्ध गतिविधियों में हो रहा था। आरोपी द्वारा न सिर्फ धोखाधड़ी कर आर्थिक लाभ उठाया गया, बल्कि उसने सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम और दूरसंचार अधिनियम 2023 का भी खुला उल्लंघन किया है। गंभीरता को देखते हुए गोहपारू पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में अलग-अलग अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। आरोपी अमित कुमार कुशवाहा को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया गया, जबकि दूसरे आरोपी की तलाश पुलिस द्वारा की जा रही है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक विनय सिंह के नेतृत्व में उपनिरीक्षक दिलीप सिंह, सहायक उपनिरीक्षक विद्यासागर, प्रधान आरक्षक अमृतलाल प्रजापति, आरक्षक अजीत यादव और आरक्षक हिमवंतचंद्र मिश्रा की भूमिका रही। पुलिस का कहना है कि इस तरह की गतिविधियों से न केवल ग्रामीणों की व्यक्तिगत जानकारी का दुरुपयोग होता है बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा पर भी खतरा मंडराता है। ऐसे अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी।

## करोड़ों के फर्जी बिल घोटाले का आरोप, जांच दबाने में जुटा प्रशासन

# शहडोल में शिक्षा विभाग का महाघोटाला









**कभी शिक्षा के मंदिर माने जाने वाले विद्यालय अब भ्रष्टाचार का गढ़ बन चुके हैं। जिले के प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी फूल सिंह मरपाची पर करोड़ों रुपये के फर्जी बिल घोटाले का गंभीर आरोप लगा है। मामला केवल पेंटिंग और मरम्मत तक सीमित नहीं है, बल्कि फर्जी फर्मों, फर्जी बिलों और अवैध भुगतान के जरिए सरकारी खजाने से करोड़ों रुपये की लूट का खेल खुलेआम खेला गया।**

शहडोल।

यह सनसनीखेज खुलासा जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) के सदस्य लक्ष्मण गुप्ता ने आयुक्त को भेजी शिकायत में किया है। शिकायत में साफ लिखा है कि श्री मरपाची और उनके सहयोगियों ने मिलकर शिक्षा विभाग की योजनाओं के नाम पर व्यवस्थित तरीके से करोड़ों का गबन किया। शिकायत के अनुसार शासकीय हाईस्कूल व हायर सेकंडरी विद्यालयों को लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल से अनुरक्षण मद में भेजी गई राशि का बंदरबांट किया गया। शा. हाईस्कूल सकंदी (ब्यौहारी) में मात्र 4 लीटर पेंट का उपयोग दिखाकर 168 मजदूर और 65 मिस्त्री दर्शाए गए। नतीजा - 1.06 लाख रुपये का बिल फर्जी तरीके से पारित कर सुधाकर कंस्ट्रक्शन को भुगतान। शा.उ.मा.वि. निपनिया (ब्यौहारी) में 20 लीटर पेंट, 10 खिड़कियां और 4 दरवाजों का काम दिखाकर 275 मजदूर और 150 मिस्त्री खड़े कर दिए गए। इस फर्जीवाड़े पर 2.31 लाख रुपये का बिल जारी कर भुगतान कर दिया गया। यह महज नमूने हैं। इसी तरह अलग-अलग स्कूलों और छात्रावासों में करोड़ों रुपये के बिल बनाकर ट्रेजरी से भुगतान निकाला गया।

### सुधाकर कंस्ट्रक्शन बना घोटाले का ठिकाना

प्रभारी डीईओ श्री मरपाची ने विशेष रूप से सुधाकर कंस्ट्रक्शन नामक फर्म को चार महीने में ही 59.93 लाख रुपये का भुगतान कराया। बिलों के नंबर तक सूचीबद्ध हैं, जिससे साफ है कि घोटाले की कार्यप्रणाली कितनी योजनाबद्ध थी। पपौंढ, महदेवा, नौंढिया, बुडवा, नकुनी, उत्कृष्ट ब्यौहारी, सकंदी और निपनिया के नाम पर फर्जी बिल उठाए गए। भुगतान बिना निविदा, बिना अनुमोदन और बिना प्रक्रिया के किया गया। रकम को छोटे-छोटे हिस्सों में बांटकर जारी किया गया ताकि शक न हो। बताया जा रहा है कि भुगतान के बाद राशि का बड़ा हिस्सा फर्म से नकद वापस लिया गया।

### फर्जी फर्मों का खेल

सुधाकर कंस्ट्रक्शन ही नहीं, बल्कि कई अन्य फर्जी फर्मों का भी उपयोग किया गया। जून माह में 24,12,386 रुपये का फर्जी भुगतान अलग-अलग फर्मों के जरिए किया गया। इन फर्मों के नाम से कैशबुक और बिल तैयार किए गए, जबकि वास्तविकता में न तो सामग्री सप्लाई हुई और न ही मरम्मत या पेंटिंग का कोई काम। शिकायत में यह भी खुलासा हुआ है कि श्री मरपाची अपने पद का दुरुपयोग करते हुए विभागीय कर्मचारियों पर भय का वातावरण बनाए रखते हैं। वे अधीनस्थों को धमकाते हैं कि यदि किसी ने घोटाले का खुलासा किया तो वह आदिवासी और हरिजन एक्ट में फंसा देंगे। बताया जाता है कि पहले भी वे इस तरह के हथकंडे अपना चुके हैं। इतना ही नहीं, मीडिया और सोशल मीडिया में जब पेंट घोटाले का 3.38 लाख रुपये का बिल वायरल हुआ था, तब मामले को दबाने के लिए लाखों रुपये अधिकारियों और प्रभावशाली लोगों तक पहुंचाए गए।

### जांच दबाने में भी भ्रष्टाचार

इस पूरे मामले की जांच की जिम्मेदारी संयुक्त संचालक लोक शिक्षण शहडोल को दी गई थी, लेकिन शिकायत में आरोप है कि जांच अधिकारी तक इस खेल में संलिप्त हो गए और अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी स्वर्गीय मोहन लाल पाठक ने भी श्री मरपाची की करतूतों का प्रतिवेदन भेजा था, लेकिन वह फाइल भी दबा दी गई। यह पूरा मामला जिले में शिक्षा विभाग की जड़ों में बैठ चुकी भ्रष्टाचार की दीमक को उजागर करता है। करोड़ों रुपये, जो बच्चों की पढ़ाई और विद्यालयों के विकास में खर्च होने थे, वे फर्जी बिलों की भेंट चढ़ गए।

## शिक्षिका सुषमा सिंह को दी गई भावभीनी विदाई, 38 साल की सेवा पूर्ण

शहडोल।

जिले के जयसिंहनगर विकास खण्ड अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमझोर प्रांगण में आयोजित एक गरिमामय समारोह में शासकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय में पदस्थ उच्च श्रेणी शिक्षिका सुषमा सिंह को सेवानिवृत्ति पर भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर विद्यालय स्टाफ, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद रहे। कार्यक्रम में शिक्षिका सुषमा सिंह को शॉल, श्रीफल एवं स्मृति उपहार भेंटकर सम्मानित किया गया। अपने 38 वर्ष 4 माह के सेवाकाल में उन्होंने निष्ठा और लगन के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन किया। विदाई समारोह में संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि




शिक्षा के क्षेत्र से उनका स्नेह और जुड़ाव जीवनभर कायम रहेगा। इस अवसर पर पूर्व विधायक प्रमिला सिंह, भाजपा महिला मोर्चा से शीला तिवारी, पूर्व उपसरपंच चंद्रमा प्रसाद तिवारी, विद्यालय प्राचार्य नंदकिशोर खंडेलवाल, वरिष्ठ शिक्षक भगवानदास, कल्याण प्रसाद त्रिपाठी, बृजनंदन द्विवेदी, अरुणा सिंह, शेष मणि सिंह, मानसरोवर पांडेय, प्रियंका देवी, संकुल अमझोर के जन शिक्षक दिवाकर प्रसाद तिवारी, कन्या माध्यमिक विद्यालय की प्राचार्य भाग्यवती नट सहित विद्यालय के सभी शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के अतिथि शिक्षक रूपेश कुमार गुप्ता ने किया।

## लग्जरी कारों की वायरिंग चोरी

### गैरेज संचालकों को 4 लाख का नुकसान, चोर सीसीटीवी में कैद

**शहडोल।** जिले के सोहागपुर थाना क्षेत्र के रीवा रोड पर स्थित अली मोटर और सानू मोटर गैरेज में खड़ी लग्जरी कारों की वायरिंग चोरी का मामला सामने आया है। लगातार हो रही वारदातों से परेशान गैरेज संचालकों ने जब सीसीटीवी कैमरे लगाए तो बीती रात चोर कैमरे में कैद हो गया। पीड़ित इरफान खान ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि उनकी मोटर गैरेज में रिपेयरिंग के लिए खड़ी लग्जरी कारों से चोरों ने वायरिंग उखाड़कर चोरी कर ली। उन्होंने घटना का सीसीटीवी फुटेज भी पुलिस को सौंपा है। इरफान खान ने बताया कि पिछले दो महीने से गैरेज परिसर में खड़ी कारों से लगातार वायर चोरी हो रही थी।

बगल में स्थित अनवर अली के गैरेज से भी इसी तरह की चोरी की शिकायत की गई है। अनवर अली ने बताया कि चोर बड़ी चालाकी से लग्जरी कारों की वायरिंग तोड़कर ले जाते हैं। अगर इसे कबाड़ के भाव बेचा जाए तो मुश्किल से आधा किलो तांबा निकलता है, लेकिन नई वायरिंग कराने में कार मालिक और गैरेज संचालक को लगभग 40 हजार रुपए तक का खर्च उठाना पड़ता है। अब तक हुई वारदातों में संचालकों को लगभग चार लाख रुपए का नुकसान हो चुका है। लगातार चोरी से परेशान गैरेज संचालकों ने जब सीसीटीवी कैमरा लगाया, तो बीती रात का फुटेज सच उजागर कर गया। फुटेज में साफ दिखाई दे रहा है कि चोर कारों की वायरिंग तोड़कर ले जा रहा है।

**पुलिस पर सवाल-** गैरेज संचालकों का कहना है कि उन्होंने पहले भी शिकायत की थी, लेकिन ठोस कार्रवाई नहीं हुई। अब चोर के सीसीटीवी फुटेज सामने आने के बाद भी पुलिस क्या कार्रवाई करती है, यह देखने वाली बात होगी। संचालकों ने मांग की है कि लगातार हो रही चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस कड़ी कार्रवाई करे और चोरों को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाए।

**इनका कहना है...**

मामले की शिकायत आई है, हमने चोर को चिन्हित कर लिया है। तलाश के लिए टीम रवाना हुई है। आरोपी चोर नशेड़ी लग रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार चोर एक नशेड़ी है और नशे की लत पूरा करने के लिए वह ऐसी चोरी की वारदात को अंजाम देता है।

**भूपेंद्र मणि पांडे**
**थाना प्रभारी, सोहागपुर**



**विरोध करने वालों से मारपीट, ग्रामीणों ने कलेक्टर से लगाई गुहार**

## देवलोंद थाना क्षेत्र में अवैध शराब का धंधा

शहडोल।

जिले के ब्यौहारी तहसील अंतर्गत देवलोंद थाना क्षेत्र के ग्राम जगमल में अवैध शराब बिक्री का मामला गरमा गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव में खुलेआम पक्की अवैध शराब का विक्रय किया जा रहा है और इसका विरोध करने वाले ग्रामीणों को आरोपी मारपीट कर जान से मारने की धमकी देते हैं। फरियादी सुषमा साकेत पति राम विश्वास साकेत सहित 20-22 ग्रामीण सोमवार को सामूहिक रूप से कलेक्टर कार्यालय पहुंचे और मामले की लिखित शिकायत दर्ज कराई। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि राजीव उर्फ रंगू साकेत पिता संपत साकेत, ममता खैरवार पिता गोपाली और भैयालाल साकेत लंबे समय से गांव में अवैध शराब का धंधा कर रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि 17 अगस्त 2025 को जब फरियादियों ने शराब बिक्री का विरोध किया, तो आरोपीगण एक राय होकर गाली-गालौज करते हुए राजीव उर्फ रंगू साकेत ने उनके साथ मारपीट की। इस घटना की शिकायत देवलोंद थाने में दर्ज कराई गई, लेकिन पुलिस की कार्रवाई केवल दिखावे तक सीमित रही। ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिस मौके पर जाती जरूर है, लेकिन आरोपियों से पैसा लेकर कोई ठोस कार्यवाही नहीं करती। यही कारण है कि अवैध शराब का धंधा गांव में बदस्तूर जारी है। फरियादियों ने कलेक्टर से गुहार लगाते हुए कहा कि यदि इस अवैध धंधे पर रोक नहीं लगाई गई तो गांव के छोटे-छोटे बच्चे बर्बादी की ओर जा रहे हैं। उनका कहना है कि शराब बिक्री से जहां परिवार आर्थिक और सामाजिक रूप से तबाह हो रहे हैं, वहीं अपराध और हिंसा भी बढ़ रही है। ग्रामीणों ने मांग की है कि आरोपीगणों पर तत्काल कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए और पुलिस प्रशासन की मिलीभगत की भी जांच कर दोषियों को सजा दी जाए।

## सीएसपी के बेटे ने की शिकायत, अधिकारियों ने शुरू की जांच

# डोमिनोज़ के पिज़्ज़ा बॉक्स में निकले कॉकरोच

### डोमिनोज़ के पिज़्ज़ा बॉक्स में निकले कॉकरोच

शहडोल।

शहर के वार्ड नंबर 18 बस स्टैंड क्षेत्र में रहने वाले बृजेंद्र सिंह, जो प्रदेश के मैहर जिले के सीएसपी महेंद्र सिंह के पुत्र हैं, उन्होंने शहर के डोमिनोज़ स्टोर पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया है। बृजेंद्र ने बताया कि बीती रात उन्होंने डोमिनोज़ से पिज़्ज़ा और अन्य खाद्य सामग्री ऑर्डर की थी। काफी इंतजार के बाद ऑर्डर उनके घर पहुंचा, लेकिन पिज़्ज़ा का बॉक्स खोलते ही उनके होश उड़ गए। बृजेंद्र के अनुसार पिज़्ज़ा के ऊपर 6 से अधिक कॉकरोच रेंगते हुए नजर आए। उन्होंने इसका वीडियो बनाया और तत्काल डोमिनोज़ स्टोर पहुंचे। वहां मौजूद कर्मचारियों ने गलती स्वीकार की और उन्हें दूसरा पिज़्ज़ा देने या पैसे वापस करने की बात कही। लेकिन बृजेंद्र ने न तो दूसरा



पिज़्ज़ा लिया और न ही पैसे वापस किए। उन्होंने बताया कि रात का समय होने के कारण उस वक्त अधिकारियों से संपर्क नहीं हो सका। मंगलवार सुबह उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों से फोन पर चर्चा कर शिकायत दर्ज करवाई। अधिकारियों ने आश्वासन दिया है कि मामले की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### ग्राहकों की सेहत से खिलवाड़

यह मामला शहर में चर्चा का विषय बन गया है। लोगों का कहना है कि एक अंतरराष्ट्रीय ब्रांड का स्टोर यदि इतनी गंभीर लापरवाही बरत सकता है, तो ग्राहकों की सेहत के साथ किस स्तर का खिलवाड़ हो रहा होगा, इसका अंदाजा लगाया जा सकता है। खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारियों पर अब सवाल उठ रहे हैं कि शहर के नामी-गिरामी फूड आउटलेट्स पर नियमित जांच क्यों नहीं की जाती। यदि समय रहते निरीक्षण किया जाता, तो ऐसी घटना शायद सामने न आती।

**इनका कहना है...**

मामले की जानकारी मुझे मिली है , मैंने लिखित शिकायत करने युवक को कहा है, जांच के बाद कार्यवाही की जाएगी।

**डॉक्टर राजेश मिश्रा**
**मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी शहडोल**

## शादी का झांसा देकर युवती को बहलाने वाला आरोपी गिरफ्तार



**शहडोल।** जिले की सिंहपुर पुलिस ने मानव तस्करी जैसे गंभीर अपराध में तत्परता दिखाते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। पुलिस की इस कार्रवाई से ग्रामीणों में राहत और भरोसा दोनों बढ़ा है। प्रकरण 7 सितम्बर 2025 को सामने आया, जब ग्राम मानपुर निवासी ने थाना सिंहपुर में रिपोर्ट दर्ज कराई। फरियादी ने बताया कि लगभग एक वर्ष पूर्व उसकी पुत्री को ग्राम भानपुर निवासी मनोज विश्वकर्मा पिता धन्नू विश्वकर्मा उम्र 23 वर्ष शादी का झांसा देकर बहला-फुसलाकर अपने साथ पुणे (महाराष्ट्र) ले गया था। फरियादी के भतीजे से हुई फोन पर बातचीत के दौरान पीड़िता ने बताया कि आरोपी मनोज उसे प्रताड़ित करता है। इससे परिजनों को आशंका हुई कि आरोपी द्वारा उसकी पुत्री के साथ किसी अप्रिय घटना को अंजाम दिया जा सकता है। फरियादी की रिपोर्ट पर सिंहपुर पुलिस ने तत्काल अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू की। जांच के दौरान पुलिस ने आरोपी को दस्तयाब कर पूछताछ की, जिसमें आरोपी ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया। इसके बाद 9 सितम्बर 2025 को आरोपी मनोज विश्वकर्मा को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। इस सफल कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक एम.एल. राहंगडाले के नेतृत्व में सउनि राजेश कुमार जाटव, प्रधान आरक्षक सत्यनारायण पाण्डेय, आरक्षक आलोक सिंह बघेल और आरक्षक रावजी डोडवे की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि युवतियों को बहलाकर शादी का झांसा देने वाले और बाहर ले जाकर प्रताड़ित करने वाले अपराधियों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई ही भविष्य में अपराधियों के लिए नजीर बनेगी।

खबर संक्षेप

## मिशन शक्ति अंतर्गत लैंगिक संवेदीकरण कार्यशाला संपन्न



**उमरिया।** सेंट्रल एकेडमी स्कूल उमरिया में मिशन शक्ति अंतर्गत लैंगिक संवेदीकरण कार्यशाला का आयोजन महिलाओं एवं बालिकाओं को सशक्त बनाने की दिशा में प्रभावी पहल करते हुए आयोजित किया गया। कार्यशाला के दौरान लिंग आधारित हिंसा की रोकथाम, लिंग समानता, महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित योजनाओं जैसे वन स्टॉप सेंटर, महिला हेल्पलाइन 181, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीडऩ (निवारण, प्रतिषेध एवं प्रतितोष) अधिनियम 2013, तथा यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम ( पॉस्कोव ) इत्यादि के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही सोशल मीडिया का दुरुपयोग एवं पाक्सो एक्ट के बारे मे जानकारी दी गयी। बालिकाओ को शिक्षा के महत्व के बारे मे भी बताया गया । कार्यक्रम मे स्कूली छात्र छात्राएं, मोहम्मद आसिफ खान परिवीक्षा अधिकारी , दिव्या तिवारी वन स्टॉप सेंटर, सेंट्रल एकेडमी स्कूल में श्रीमती सोनिया मिश्रा (प्रिंसिपल) एवं समस्त शिक्षक उपस्थित रहे।

## धारदार हथियार से लोगों को डरा रहा आरोपी मौके पर ही दबोचा गया

**रामनगर।** 8 सितंबर को कस्बा भ्रमण के दौरान थाना रामनगर पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि स्टेडियम तिराहा राजनगर पर एक व्यक्ति अपने हाथ में धारदार हथियार लहराते हुए आम जनता को डरा-धमका रहा है। सूचना पर हमराह गवाहों को साथ लेकर पुलिस दल मौके पर पहुंचा, जहां एक व्यक्ति हाथ में धारदार बका नुमा हथियार लेकर लोगों को आतंकित करता पाया गया। मौके पर उसे घेराबंदी कर मय हथियार पकड़ा गया। आरोपी की पहचान रवि कुमार कोल पिता गौरीशंकर कोल उम्र 34 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 02, बाजार दफाई, राजनगर के रूप में हुई। आरोपी का कृत्य धारा 25(1)(ठ) आर्म्स एक्ट के अंतर्गत दंडनीय पाया गया, जिस पर थाना रामनगर में अपराध क्रमांक 243/25 पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

## अफसरों की मिलीभगत से जंगल लहूलुहान

# बांधवगढ़ में वन संपदा की खुली लूट

**उमरिया।** बांधवगढ़ राष्ट्रीय उद्यान में भ्रष्टाचार और लूट का खेल खुलकर सामने आ रहा है। रेत चोरी से लेकर सागौन और साल के वृक्षों की तस्करी तक, हर जगह अफसरों और मैदानी अमले की मिलीभगत झलकती है। आरोप है कि जांच के नाम पर लीपापोती कर दोषियों को बचाया जा रहा है। सवाल उठता है कि जंगल बचेंगे कैसे, जब जिम्मेदार अधिकारी ही उसे बेचने पर आमादा हों? बांधवगढ़ राष्ट्रीय उद्यान के धमोखर परिक्षेत्र की चेचरिया चौकी में पदस्थ उप वनपाल की करतूतों ने वन विभाग की नीयत पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। 23 अगस्त को रेत भरा ट्रैक्टर पकड़ा गया था, जिसे नियमों के अनुसार जब्त कर कानूनी कार्रवाई करनी चाहिए थी। लेकिन विभागीय मिलीभगत का खेल ऐसा चला कि दो दिन बाद यानी 25 अगस्त को सौदेबाजी कर वाहन छोड़ दिया गया। मामले की शिकायत होने पर धमोखर के वन परिक्षेत्राधिकारी स्वयं जांच करने पहुंचे। जांच में उप वनपाल दोषी पाया गया, लेकिन कार्रवाई करने की बजाय लीपापोती कर उसे बचा लिया गया। यह साफ इशारा है कि अफसरों की प्राथमिकता वन संरक्षण नहीं, बल्कि भ्रष्टाचार को बचाना है।




### सागौन और साल के जंगल उजड़े

धमोखर क्षेत्र में सागौन और साल के हजारों वृक्ष बेरहमी से काटे गए और तस्करी के जरिये बाहर भेजे गए। पटपरिहा, घिनौचिहा और बड़बाही गांवों के जंगलों में बेतहाशा कटाई से वन संपदा का खून किया गया। वन विभाग की कथित कड़ी निगरानी के बावजूद इतनी बड़ी तस्करी होना बताता है कि खेल अंदर तक पहुंचा है। एक तरफ सरकार गांव खाली करवा कर उद्यान की सीमा बढ़ा रही है, वहीं दूसरी ओर उसी उद्यान के प्राकृतिक और कृत्रिम दोनों तरह के वृक्षों का सफाया हो रहा है। सवाल यह है कि आखिर संरक्षण के नाम पर चल रही इस दोहरी नीति का असली मकसद क्या है?

### दशकों से जमे अफसर

बांधवगढ़ में कई अधिकारी ऐसे हैं जो वर्षों से एक ही पद पर जमे हुए हैं। कहा जाता है कि यही लोग भ्रष्टाचार की जड़ों को सींचते हैं। चेचरिया में पदस्थ उप वनपाल इसका जीवंत उदाहरण है। दशक भर से एक ही स्थान पर जमे इस अधिकारी ने रेत चोरी से लेकर लकड़ी तस्करी तक में गहरी पैठ बना ली है। फिर भी हर बार उसे बचाने के लिए विभाग आगे आ जाता है। जब भी मामला बिगड़ता है, दोष किसी छोटे कर्मचारी पर डाल दिया जाता है और कमाऊ पूत सुरक्षित बच निकलता है। इससे साफ झलकता है कि उच्च अधिकारियों की नीयत ही संदिग्ध है, वरना इतने वर्षों तक एक ही जगह डेरा जमाकर कोई भ्रष्टाचार नहीं कर पाता।

### उद्यान की नीयत पर उठे सवाल

बांधवगढ़ राष्ट्रीय उद्यान आज सवालों के घेरे में है। एक ओर विभाग दावा करता है कि वह जंगल बचाने के लिए गांव खाली करवा रहा है, दूसरी ओर वही विभाग अपनी मिलीभगत से जंगल उजाड़ रहा है। अगर ऐसे ही हालात रहे तो बांधवगढ़ राष्ट्रीय उद्यान संरक्षण की जगह भ्रष्टाचार का खेल का मैदान बनकर रह जाएगा। वन संपदा लूटने वाले अफसर और उनके प्यादे जब तक बेनकाब नहीं होंगे, तब तक जंगल सुरक्षित नहीं रह सकते।

### सुनाई देगी बांधवगढ़ की कहानियां

बांधवगढ़ राष्ट्रीय उद्यान में रेत चोरी और सागौन-साल की कटाई कोई मामूली मामला नहीं है। यह सीधे-सीधे अधिकारियों की मिलीभगत और संरक्षण की विफलता को उजागर करता है। अपेक्षा है कि वरिष्ठ अधिकारी अब लीपापोती की बजाय दोषियों पर कठोर कार्रवाई करेंगे। वरना आने वाली पीढ़ियों को केवल बांधवगढ़ की कहानियां ही सुनाई देंगी, जंगल और वन्य संपदा नहीं।

## 111 हितग्राहियों के खाते में दो करोड़ रूपये से अधिक की सहायता राशि अंतरित हुई






**उमरिया।** प्रदेश के मुख्यमंत्री डा मोहन यादव ने संबल योजना अंतर्गत 7953 हितग्राहियों के खाते 175 करोड़ रूपये की अनुग्रह सहायता राशि अंतरित की । जिले के 111 हितग्राहियों के खाते में दो करोड़ 45 लाख रूपये की सहायता राशि अंतरित हुई। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण एनआईसी उमरिया में देखा एवं सुना गया। इस अवसर पर विधायक बांधवगढ शिवनारायण सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष अनुजा पटेल,कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन, सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती कैलाश मीना, डिप्टी कलेक्टर हरनीत कौर कलसी, सीईओ पाली कुंवर कन्हाई, सीएमओ मानपुर राजेन्द्र कुशवाहा, श्रम कार्यालय से यू के त्रिपाठी, शंभू लाल खट्टर,हरि गुप्ता, ग्राम पंचायत सरपंच पठारी गोविंद प्रसाद गौतम सहित बडी संख्या में हितग्राही उपस्थित रहे।कार्यक्रम में प्रतीकात्मक हितग्राहियों को दो लाख रूपये का डमी चेक प्रदान किया गया।



## जनसुनवाई में कलेक्टर ने 71 आवेदकों की सुनी समस्याएं

**उमरिया। साप्ताहिक जनसुनवाई कार्यक्रम में कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने जिले के दूर दराज से आए 71 आवेदकों की समस्याओं को सुना तथा आवेदनों के लिए निराकरण संबंधित विभाग की ओर प्रेषित किया ।**

जनसुनवाई में फूलचंद गुप्ता खलेसर ने सामुदायिक भवन उमरिया के सामने से ठेला हटवाने, ब्रम्हदीन मौर्य निवासी बांका ने पांच माह से किसान सम्मान निधि नही मिलने, रामरती सिंह ग्राम देवरी ने रास्ता दिलाने, प्रेमिया बाई निवासी बिलाईकाप ने आग से क्षतिग्रस्त मकान की राहत राशि दिलाने, गुलाब बाई निवासी मानपुर ने अतिक्रमण हटाने, अमर लाल राठौर ग्राम महरोई ने ट्रांसफार्मर की तार से भैंस की मौत होने पर मुआवजा दिलाने, भोदू यादव ग्राम भिम्माडोगरी ने सीमांकन कराने, महेन्द्र दुबे उमरिया ने एनपीएस एवं ईपीएफ की राशि दिलाने, प्यारी बैगा वार्ड निवासी खलेसर ने घर से पानी निकासी के लिए मुख्य नाली से जोडऩे, मनोज सिंह मानपुर ने खसरा अद्यतन कराने तथा पूनम साहू निवासी चंदिया ने नामांतरण कराने संबंधी आवेदन दिया।

जनसुनवाई में सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह, एसडीएम बांधवगढ कमलेश नीरज, डिप्टी कलेक्टर मीनांक्षी इंगले, हरनीत कौर कलसी सहित जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे ।

## बैंकों के बाहर पार्किंग ना होने से सड़क किनारे खड़े होते वाहन



### आवागमन हो रहा प्रभावित, जिम्मेदार नही ले रहे सुध

**कोतमा।** करोड़ों रुपए का व्यापार करने वाले बैंक नगर में नियमों की अनदेखी कर बिना पार्किंग सुविधा के बैंक का संचालन कर रहे हैं। नगर में स्थित स्टेट बैंक सेंट्रल बैंक ग्रामीण बैंक मे ग्राहकों के लिए पार्किंग की उचित सुविधा नदारत है।

सड़क किनारे खड़े होते वाहन

नगर में संचालित बैंकों में पार्किंग की व्यवस्था नहीं है बैंकों में पार्किंग ना होने के कारण उपभोक्ता सड़क पर वाहन खड़े कर देते हैं। सड़क पर वाहन खड़े कर देने के कारण आवागमन प्रभावित होता है तथा जाम की समस्या उत्पन्न हो जाती है। नगर में संचालित बैंकों के पास अपने भवन नहीं है तथा किराए के भवन में संचालित हो रहे हैं। किराए के भवनों में संचालित बैंकों के पास अपने उपभोक्ताओं के वाहन खड़े करने के लिए पार्किंग की व्यवस्था नहीं है। नगर में संचालित सेंट्रल बैंक स्टेट बैंक ग्रामीण बैंकों के पास पार्किंग के नाम पर कोई जगह नहीं है उपभोक्ता अपने वाहन सड़क पर खड़े कर देते हैं। सड़क पर वाहन खड़े होने के कारण सड़क पर जाम लगता है तथा आवागवन प्रभावित होता है मजे की बात तो यह है कि पार्किंग ना होने के कारण उपभोक्ताओं को कई वर्षों से परेशानी हो रही है इसके बाद भी बैंकों के शाखा प्रबंधक अपने उपभोक्ताओं की इस समस्या को नजर अंदाज कर रहे हैं। बैंक प्रबंधकों द्वारा ध्यान न देने के कारण बैंक को किराए पर भवन उपलब्ध कराने वाले भवन स्वामी भी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। जबकि स्टेट बैंक के लिए भवन किराये से देते समय यह एग्रीमेंट किया गया था कि हम स्टेट बैंक को पार्किंग की व्यवस्था देंगे लेकिन बस स्टैंड के आगे स्टेट बैंक को संचालित हुए कई वर्ष हो गए लेकिन आज तक स्टेट बैंक के पास पार्किंग की व्यवस्था नहीं है । बस स्टैंड के आगे स्टेट बैंक मुख्य मार्ग में संचालित होने के कारण मॉडल रोड में बीच सड़क पर ग्राहकों के द्वारा वाहन खड़े कर दिए जाते हैं।

**यहां भी हाल बेहाल**

नगर के पोस्ट ऑफिस रोड मे तो हाल और बेहाल है स्थिति यह है कि सेंट्रल ग्रामीण बैंक के साथ ही पोस्ट ऑफिस एवं सहकारी बैंक संचालित होने के कारण सड़क के दोनों तरफ दो पहिया वाहन खड़े कर दिए जाते हैं और उसके बाद दुकानदारों के द्वारा फ्लैक्स बोड सड़क पर ही रख दिया जाता है जिसके कारण समस्या विकराल हो जाती है लोगों का पैदल निकलना भी मुश्किल हो जाता है जिसके कारण प्रतिदिन जाम की स्थिति बनती है।

**नोटिस देकर भूले**

पूर्व में नगर पालिका के द्वारा नगर में संचालित बैंकों के जिम्मेदार अधिकारियों को पार्किंग व्यवस्था बनाए जाने के संबंध में नोटिस भी जारी की गई थी लेकिन आज तक यह नोटिस तक ही सीमित होकर रह गया। नगर पालिका अधिकारी के द्वारा नोटिस देकर कार्यवाही करना भूल गए हैं। नागरिकों ने नगर पालिका प्रशासन से स्टेट बैंक सेंट्रल बैंक ग्रामीण बैंक पोस्ट ऑफिस सहकारी बैंक के प्रबंधकों से मिलकर पार्किंग की व्यवस्था करवानी चाहिए अन्यथा नगर पालिका को कानूनी कार्यवाही करनी चाहिए।

## रामनगर पुलिस ने बरामद की चोरी गई 2 मोटर साइकिल, 3 आरोपी गिरफ्तार

**हरिभूमि न्यूज राजनगर।** पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं एसडीओपी कोतमा के मार्गदर्शन में थाना रामनगर पुलिस ने कार्यवाही को अंजाम दिया है। अपराध क्रमांक 242/25 धारा 303(2) बीएनएस में चोरी हुई हीरो ग्लैमर मोटर साइकिल (वाहन क्रमांक सीजी 10 ईबी 0701) तथा अन्य मामले में बरतराई से चोरी की गई मोटर साइकिल (वाहन क्रमांक ड्च18 ळ 0133) को पुलिस ने बरामद कर लिया है। आरोपी अंशु उर्फ प्रिंस महरा, अन्नू उर्फ अनुज महरा तथा चंद्र प्रकाश उर्फ पप्पू चौधरी को गिरफ्तार कर लिया है वही राहुल केवट फरार है। पुलिस ने आरोपियों को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की, जहां उन्होंने जुर्म कबूल किया। उनकी निशानदेही पर चोरी की गई मोटर साइकिलें ग्राम ऊरा स्थित खंडहरनुमा झाला से जप्त की गईं। कार्यवाही में थाना प्रभारी सुमित कौशिक, प्र.आर. सनत द्विवेदी, अमित पटेल, राहुल प्रजापति, आरक्षक अनुराग सिंह, अनुराग भार्गव तथा चक्रधर तिवारी, पंकज मिश्रा साइबर सेल की सराहनीय भूमिका रही।




## नाबालिग वाहन चालकों पर कार्यवाही में पकड़े गए 6 नाबालिग



**कोतमा।** नगर में इन दोनों तेज वाईकर्स एवं नाबालिकों के द्वारा फर्राटे भरते हुए तेज गति से दो पहिया वाहन को चलाया जाता है जब यह नाबालिक नगर की गलियों में वाहन लेकर निकलते हैं तो तेज फर्राटे एवं कानफोडू साइलेंसर की तेज आवाज निकालते हुए फर्राटे भरते हुए निकलते हैं आए दिन यह दुर्घटना का कारण भी बनते हैं पूर्व में पुरानी बस्ती में नाबालिक वाहन चालक की ठोकर से एक मासूम बच्चा भी घायल हो गया था ।पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान के निर्देशन पर यातायात पुलिस द्वारा जिलेभर में नाबालिग वाहन चालकों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है। मंगलवार को अभियान के दौरान कोतमा के एक निजी स्कूल के बाहर चेकिंग की गई तो कई नाबालिग वाहन चालक छुपतेदृछुपाते नजर आए लेकिन सख़्त कार्यवाही से कोई बच नहीं सका। कार्यवाही के तहत 6 नाबालिग वाहन चालकों को पकड़ते हुए कार्यवाही की गई। पुलिस अधीक्षक ने कडे शब्दों में कहा है कि नाबालिगों को वाहन सौंपने वालेअभिभावक भी उतने ही दोषी होंगे जितना चालक। ऐसे मामलों में अभिभावकों पर भी कानूनी कार्यवाही की जाएगी। नाबालिगों द्वारा वाहन चलाना केवल कानूनी अपराध ही नहीं बल्कि मासूम जिंदगियों को खतरे में डालने वाला कदम है। सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए यातायात पुलिस शून्य सहिष्णुता की नीति अपनाए हुए है। यातायात प्रभारी विनोद दुबे ने अपील करते हुए कहा कि अभिभावक अपने बच्चों को वाहन न सौंपें। सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करें। दुर्घटनाओं से बचाव के लिए सहयोग करें।

## विद्यालय में छात्राओं का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण

**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** वर्तमान में नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में मौसमी बीमारियों के मरीजों में बढ़ोतरी देखी जा रही है। सबसे ज्यादा बच्चों एवं युवाओं में मौसमी बीमारी का असर देखा जा रहा है। इसी के तहत सोमवार को नेशनल एसोसिएशन आफ इंडिया के सौजन्य से संपन्न कराया गया जिसके वी मोहिनी धर्मेन्द्र वर्मा वी क्लब कोतमा उपस्थित थीं। सेवा भावना को ध्यान में रखते हुए नगर के विद्यालय में अध्यनरत 80 बालिकाओं का स्वास्थ्य परीक्षण डॉ. संगीता प्रजापति के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोतमा मे किया गया सभी कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास की बालिकाएं थी। डॉ. संगीता प्रजापति ने कहा कि वर्तमान मे वायरल इंफेक्शन सर्दी खांसी बुखार से बचाव के लिए आयुर्वेदिक औषधियां जैसे सितोपलादी चूर्ण त्रिकुट चूर्ण गिलोये घन बटी संशमनी बटी लवंगादि बटी का सेवन करने की सलाह देते हुए वितरण किया गया।



## हर्षोल्लास के साथ निकला विमान जी का चल समारोह जुलूस

**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** नगर में पर्वराज पर्यूषण दसलक्षण महापर्व के समापन के बाद मंगलवार को जैन समाज के द्वारा दिगम्बर जैन मंदिर महावीर मार्ग से बैंड बाजों के साथ नगर के मुख्य मार्ग से विमान जी का चल समारोह जुलूस हर्षोल्लास के साथ निकाल कर अभिषेक और शांति धारा पूजन किया गया। जैन समाज की महिलाओं के द्वारा घरों के सामने रंगोली भी सजाई गई थी। कांधों पर चांदी के विमान में महावीर स्वामी को नगर भ्रमण कराया गया, जिसका जैन समाज के बंधुओं ने आरती उतारकर पूजा-अर्चना कर प्रसाद चढ़ाया। छोटे बच्चो के हाथों में धर्म पताकाएं फहराते हुए महावीर स्वामी का संदेश जियो ओर जीने दो का उदघोष सभी लोग कर रहे थे। वहीं, महिलाएं भी मंगल गीत गाती और महावीर स्वामी के संदेशों का वाचन करते हुए शामिल हुई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में जैन समाज के लोग जुलूस में शामिल थे। जुलूस को शांतिपूर्ण संपन्न करने के लिए थाना प्रभारी रत्नाम्बर शुक्ल पुलिस बल के साथ जुलूस में चल रहे थे। जैन समाज के युवाओं के द्वारा जुलूस में बाजे गाजे की धुन पर भजन करते चल रहे थे।

**खबर संक्षेप**

## 45 दिवसीय टेराकोटा प्रशिक्षण की आज से होगी शुरुआत

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** म.प्र. माटीकला बोर्ड, भोपाल के निर्देशानुसार अनुपपुर जिले में 45 दिवसीय टेराकोटा प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम 10 सितम्बर से शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय, अनूपपुर में आयोजित किया जाएगा। प्रशिक्षण अनूपपुर जिले के चयनित 50 प्रतिभागियों को दिया जाएगा उक्ताशय की जानकारी क्रिप्स संस्था के उप प्रबंधक अविनाश जैन तथा अनूपपुर जिले के खादी ग्रामोद्योग विभाग के प्रभारी जिला प्रबंधक सत्य सागर ने दी है।

## नाबालिक को दस्तयाब कर परिजनों को किया सुपुर्द

**बड़वारा।** एक नाबालिग बालिका को दस्तयाब कर बड़वारा पुलिस ने परिजनों के सुपुर्द किया है। पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा प्रदेश स्तर नाबालिक बालक बालिकाओं को दस्तयाब करने हेतु ऑपरेशन मुस्कान अभियान चलाया जा रहा है। वरिष्ट अधिकारियो के मार्गदर्शन में ऑपरेशन मुस्कान अभियान के तहत नाबालिक बालिका को दस्तयाब किया जाकर परिजनों को सुपुर्द किया गया। पुलिस के अनुसार 05.07.2025 को फरियादी द्वारा रिपोर्ट लेख कराया कि इसकी लड़की जो करीब 16 साल है बिना बताये कहीं चली गयी है। फरियादी को शंका है कि इसकी नाबालिक लड़की को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला फुसलाकर अपहरण कर ले गया है। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना बड़वारा में अपराध धारा 137/2) बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। दौरान विवेचना 07.09.2025 को अपहता बालिका को चाका बायपास कटनी से दस्तयाब किया जाकर परिजनों को सुपुर्द किया गया। कार्यवाही में थाना प्रभारी उनि केके पटेल, सउनि सतेन्द्र सिंह, प्रधान आरक्षक वरिन्द्र कुमार, महिला आरक्षक नेहा सिंह, बृजलाल प्रजापति, की विशेष भूमिका रही।

## वैष्णोदेवी तीर्थ यात्रा के लिए आवेदन 23 तक

**कटनी।** मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना के तहत वैष्णो देवी यात्रा के लिए नगर पालिक निगम कटनी सीमान्तर्गत इच्छुक वृद्ध नागरिकों हेतु आवेदन आमंत्रित किए हैं। यह यात्रा 5 अक्टूबर से 10 अक्टूबर तक आयोजित की जाएगी। वैष्णोदेवी यात्रा के लिए आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 23 सितंबर 2025 निर्धारित की गई है। आवेदन पत्र विभाग की वेबसाइट www.dharmasva.mp.gov.in से डाउनलोड किए जा सकते हैं। नोडल अधिकारी मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना नगरनिगम श्री जागेश्वर पाठक नें बताया कि मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना के तहत नगर पालिका निगम कटनी के वृद्ध नागरिकों को जो कि 60 से 65 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्ति (महिलाओं को 02 वर्ष की छूट) जो आयकर दाता न हो व जो प्रथम बार यात्रा कर रहा हो, को वैष्णो देवी तीर्थ दर्शन की सुलभ यात्रा हेतु जमा कराया जाना है। इच्छुक व्यक्ति वैष्णो देवी यात्रा हेतु पति-पत्नी, आवेदक सहायक एवं स्वयं का आवेदक फार्म में संलग्न चिकित्सकीय प्रमाण पत्र के साथ आधार कार्ड, समग्र आई.डी., मतदाता परिचय पत्र की छायाप्रति (फोटो कॉपी) संलग्न करना अनिवार्य होगा तथा उक्त आवेदन पत्र को नगर निगम कार्यालय के कक्ष कमांक-66 निर्वाचन जनगणना शाखा में 23 सितंबर 2025 तक जमा कर सकते है।

## समयपाल को 7 दिवस में उपस्थित होने के दिए निर्देश

**कटनी।** नगर पालिक निगम कटनी में समयपाल के पद पर पदस्थ नरेन्द्र कुमार कनौजिया निवासी ग्राम छैघरा, कैलवारा खुर्द, जिला कटनी द्वारा अगस्त 2021 से लगातार अपने कर्तव्य पर अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रहने के कृत्य को स्वेच्छाचारिता का द्योतक मानते हुए निगमायुक्त नीलेश दुबे ने श्री कनोजिया को सूचना पत्र जारी करते हुए 7 दिवस के अंदर कर्तव्य पर उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं। नगर निगम आयुक्त श्री दुबे द्वारा जारी सूचना पत्र में समयपाल श्री कनोजिया को निर्धारित समयावधि पर उपस्थित नहीं होने पर सेवा 'समाप्ति की एक पक्षीय कार्यवाही करेंगे हेतु सचेत किया है।

# राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के शहडोल संभाग द्वारा ओ.पी.एम.में आहूत संगठनात्मक बैठक में संगठन सहित वरिष्ठजनों को किया सम्मानित

बुढार।

**राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन नई दिल्ली के शहडोल संभाग द्वारा ओ.पी.एम.में संगठनात्मक बैठक तथा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग म.प्र.के आयोग मित्र मैथलीशरण गुप्त के मुख्यातिथ तथा राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेश पटेल की अध्यक्षता व संगठन के राष्ट्रीय संरक्षक मुनीश्वर चतुर्वेदी (पूर्व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक), कथा वाचक एवं क्षेत्रिय गुरू बालकृष्ण पाण्डेय, रविकरण त्रिपाठी (पूर्व सी.एम.ओ.), आध्यात्मिक गुरू श्रीकांत शर्मा, वरिष्ठ पत्रकार मोहन नामदेव, जिला पंचायत सदस्य जगन्नाथ शर्मा, मनमोहन चौधरी के विशिष्ट आतिथ्य में कार्यक्रम आयोजित किया गया।**





राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन नई दिल्ली के शहडोल संभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम अवसर पर अतिथियों, वरिष्ठ समाजसेवियों, विशिष्ठ अतिथियों का संगठन के मैहर तथा शहडोल टीम द्वारा मां शारदा की तस्वीर व माता रानी एवं भोलेनाथ के दुपट्टा व श्रीफल तथा माल्यापर्ण कर सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय मानवाधिकार म.प्र.संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सुनील कुमार गौतम नें पधारे समस्त अतिथियों का स्वागत करते हुये कहाकि - मानवाधिकार संगठन नागरिकों की आशाओं के अनुरूप मिले दायित्वों का बखुबी निर्वहन कर रहा है, और यह संगठन समाजसेवियों का सम्मान करते हुये अत्यंत हर्षित हूं। कार्यक्रम में विशिष्टरूप से मानवाधिकार संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राकेश बोस, राष्ट्रीय संयोजक लक्ष्मण प्रसाद गौतम, राष्ट्रीय सचिव विजय गौतम, समाजसेवी सुरेश चतुर्वेदी, अमृत दुबे, जयप्रकाश गर्ग, पं. शशिकांत, रविकांत त्रिपाठी, पूर्व जनपद अध्यक्ष ललन सिंह, पत्रकार सुब्रत मोहंती, अयोध्या प्रसाद मिश्रा, मण्डल अध्यक्ष धर्मेन्द्र दुबे, सूरज द्विवेदी, प्रवीण सिंह बघेल, प्रमोद त्रिपाठी, रवि दत्त, अभिषेक द्विवेदी, पुष्पराज सिंह, मोहन सिंह, एस.के. राय, अजय नारायण पाठक, गणेश केवट, पंकज राव, बृजेश लोधी की उपस्थिति रही। मुख्यातिथ मैथिलीशरण गुप्त ने -मानव अधिकार संगठन अधिनियम में आयोग की संरचना पदाधिकारी की नियुक्ति, पात्रता व उनके कार्यों का विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुये कहाकि - मानवाधिकार संगठन अपने कार्यशैली में अपने कर्तव्य पालन को व्यावहारिक रूप देते हुये यह देखता है कि मानव के न्यूनतम आवश्यकताओं की पूर्ति में कोई बाधा तो उत्पन्न नहीं कर रहा है,प्रताड़ति तो नहीं कर रहा है, उसकी स्वतंत्रता अभिव्यक्ति को बाधित तो नहीं कर रहा है, यदि ऐसा कोई कर रहा है, तो वह मानव अधिकार का उल्लंघन कर रहा है, उसके जीवन यात्रा में जीने के अधिकार को छीन रहा है, इसकी रक्षा, सहायता व कानूनी अधिकार व संरक्षण प्रदान किया जाता है, इसके लिये संगठन समाज में एक जागृति पैदा करता है और यह सभी श्रेष्ठ जागरूक मानव को करना भी चाहिये।

मानवाधिकार संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेश पटेल ने अपने प्रेरक उदबोधन में कहाकि- मानवाधिकार, मानव को जन्म लेते ही प्राप्त हो जाते हैं, जो समान रूप से सभी को मिलनी चाहिये, इसके लिये संवैधानिक विधिक संरक्षण, मानव को, मानव समाज व राष्ट्र में मिले हुये हैं, इसकी जानकारी जन-जन को होनी चाहिये, मानवाधिकार संगठन एसोसिएशन इसके लिये कार्य करता है, यह संगठन समाज में मानवाधिकार का उल्लंघन जहां हो रहा है, उनका शोधकर उनका संरक्षण करता है, वहीं हो रहे अन्याय, शोषण व पीड़ा से मुक्त कराने के लिये संवैधानिक अधिकारों का लाभ दिलाता है, इसके विस्तार व जागरूकता की आवश्यकता है, क्योंकि प्रत्येक मानव को जीने व स्वतंत्र अभिव्यक्ति का अधिकार जन्म से ही मिला हुआ है। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश उपाध्यक्ष रविन्द्र सिंह (मंजू) ने किया वहीं विशिष्टरूप से संगठन के शहडोल जिला अध्यक्ष बृजेश पाण्डे, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष संगीता त्रिपाठी, जिला उपाध्यक्ष संध्या तिवारी, प्रदेश महासचिव शशिकांत जैन, संगठन के मैहर जिलाध्यक्ष विजय अवधिया, उपाध्श्क्ष आशीष पाटकर, जिला संयुक्त सचिव अनिल बढोलिया, मुकेश श्रीवास्तव, दिनेश शर्मा, राजेश मिश्रा, दशरथ प्रसाद कुशवाहा, संदीप नामदेव, जिला मीडिया प्रभारी मनोज सोनी सहित संगठन के जबलपुर, कटनी, अनुपपूर, मैहर, मनेन्द्रगढ सहित विभिन्न क्षेत्रों के वरिष्ठ पदाधिकारियों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

## 90 की हीराबाई, झुर्रियों ने मिटा दिए फिंगर प्रिंट, शासन ने छीन लिया राशन और पेंशन

**धनपुरी।** नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 5 निवासी 90 वर्षीय हीराबाई आज जिंदगी के ऐसे मोड़ पर खड़ी हैं, जहां उन्हें सबसे अधिक सहारे की ज़रूरत है। डेढ़ साल पहले तक उन्हें वृद्धा पेंशन और कोटा से राशन मिल रहा था, जिससे किसी कदर उनकी जिंदगी कट रही थी। लेकिन अब हालात इतने खराब हो गए हैं कि न तो सरकार और न ही प्रशासन को उनकी बेबसी पर तरस आता है। और उनका नाम अब समग्र आईडी से भी काट दिया गया है।हाथों की झुर्रियों और आंखों में मोतियाबिंद की वजह से फिंगरप्रिंट मशीन उन्हें पहचान नहीं पा रही है। शासन के कठोर नियमों के चलते हीराबाई जैसे असहाय वृद्ध अब पेंशन और राशन से वंचित कर दिए गए हैं। सवाल यह उठता है कि आखिर उनकी गलती क्या है? क्या उन्हें जीने का अधिकार नहीं है?वार्डवासियों का कहना है कि नगर पालिका प्रशासन को इस गंभीर मामले पर ध्यान देना चाहिए और 28 वार्डों में सर्वे कर यह पता लगाना चाहिए कि कितने बुजुर्ग महिला-पुरुष फिंगरप्रिंट समस्या के कारण अपने हक से वंचित हैं। वहीं, कोटेदार के जरिए ऐसे पात्र बुजुर्गों का राशन कहां जा रहा है, इसकी भी जांच पड़ताल की जानी चाहिए।लोगों का कहना है कि यह प्रशासन और शासन की जिम्मेदारी है कि अंतिम पड़ाव पर पहुंचे ऐसे भोले-भाले, अनपढ़ वृद्ध महिला-पुरुषों को उनके अधिकार से वंचित न किया जाए। फिंगरप्रिंट से वंचित लोगों के लिए वैकल्पिक व्यवस्था बनाई जाए ताकि उनकी ज़िंदगी सम्मानजनक ढंग से कट सके।हीराबाई की व्यथा यह है कि आखिर उनकी गलती क्या है? क्या झुर्रियां और मोतियाबिंद उनके अपराध हैं? भूख और लाचारी से जूझती इस महिला की स्थिति देखकर वार्डवासी भी आक्रोशित हैं।लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि फिंगरप्रिंट से वंचित ऐसे बुजुर्गों के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की जाए। अंतिम पड़ाव पर पहुंचे इन भोले-भाले, अनपढ़ महिला-पुरुषों को उनके अधिकार से वंचित करना इंसानियत और व्यवस्था दोनों पर सवाल खड़े करता है। वार्ड पार्षद का बयानः इस सिलसिले में जब वार्ड पार्षद सुकृति सिंह से बात की गई तो उन्होंने कहा कि "मैंने नगर पालिका में सबसे बात कर ली है। लेकिन अधिकारी कहते हैं कि इसका कोई उपाय नहीं है। ना तो रेटिना काम कर रही है और ना ही फिंगरप्रिंट्स मिल पा रहे हैं, जिसके चलते उन्हें लाभ से वंचित रखा गया है।"



## साबो पंचायत में पटवारी नदारद आदिवासी-गरीब भटक रहे छोटे-मोटे कामों के लिए

धनपुरी।

साबो पंचायत के हालात इन दिनों पटवारी की गैरमौजूदगी से बेहाल हैं। ग्रामीणों की परेशानी यह है कि पंचायत में नियुक्त हल्का पटवारी महीनों से दिखाई ही नहीं देता। नतीजा यह कि गांव के भोले-भाले लोग—ज्यादातर गरीब और आदिवासी—अपने छोटे-छोटे काम के लिए भी भटकते फिर रहे हैं।खसरा-नक्शा हो, नामांतरण का काम हो या फिर किसी इमरजेंसी मामले की ज़रूरत—सब अधर में लटक जाता है। पंचायत की छोटी-छोटी बैठकों तक में पटवारी का अभाव बना रहता है। कई बार बैठकें केवल इस वजह से अधूरी रह जाती हैं कि ज़रूरी दस्तावेज़ और जानकारी उपलब्ध नहीं हो पाती।शासन की मंशा साफ थी कि दूर-दराज़ की पंचायतों में पटवारी नियुक्त कर ग्रामीणों को सुविधा दी जाए। लेकिन जब पटवारी पंचायत में मौजूद ही नहीं रहेंगे तो ऐसी मंशा का लाभ कैसे मिलेगा?गांव वालों का कहना है कि कई बार उन्हें न सिर्फ पास के कस्बों बल्कि बुढार ब्लॉक और तहसील दफ्तर तक चक्कर लगाना पड़ता है। "पटवारी अगर पंचायत में नियमित बैठें, तो हमें इधर-उधर भागने की ज़रूरत ही न पड़े," ग्रामीणों का साफ कहना है।ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि पटवारी की उपस्थिति पर सख्त निगरानी रखी जाए और सुनिश्चित किया जाए कि वह पंचायत में नियमित समय दे, ताकि आदिवासी और गरीब तबका अपने हक के काम से वंचित न रहे।

## मैदानी अमले की कार्य क्षमता वृद्धि के लिए 'मेरी बीट- मेरा अभिमान' प्रशिक्षण कार्यशाला प्रारंभ

उमरिया।

**बांधवगढ़ राष्ट्रीय उद्यान जो अपनी प्रचुर जैव विविधता के लिए विश्व विख्यात है , वहीं मध्य भारत के अन्य पार्कों की तुलना में यहां का प्रबंध करना एक चुनौती पूर्ण कार्य है**

।जहां इस उद्यान में एक तरफ सबसे कम वन क्षेत्र में अत्यधिक बाघों का घनत्व है वही हाथी जैसे विशालकाय जीव का एकमात्र रहवास बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व बन गया है जिस कारण बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व को बाघों के साथ-साथ हाथियों से मानव टकराव की चुनौतियां हमेशा बनी रहती है ऐसी स्थिति में पार्क के क्षेत्रीय अमले को चुनौतियों का सामना करने के लिए हमेशा सजग तत्पर एवं प्रोफेशनल तरीके से काम करने की जरूरत होती है।

बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व प्रबंधन द्वारा पार्क के वन सुरक्षा कर्मी मानव संसाधन की कार्य क्षमता उन्नयन एवं उन्हें मनोवैज्ञानिक रूप से मजबूत बनाने हेतु लास्ट वाइल्डनेस फाउंडेशन संस्था के सहयोग से मेरी बीट मेरा अभिमान नामक चार दिवसीय रहवासी कौशल उन्नयन कार्यशाला 9 सितंबर से प्रारंभ की गई है । कार्यशाला में बांधवगढ़ राष्ट्रीय उद्यान के समस्त रेंजों के वनकर्मी दो पारियों में प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। कार्यशाला में अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त प्रशिक्षक वनकर्मियों को अपने कार्य क्षेत्र में आत्मविश्वास बढ़ाने, परस्पर सहयोग करने एवं सामुदायिक सहभागिता की दिशा में सकारात्मक भूमिका निभाने जैसे विषयों को संवाद एवं गतिविधियों के माध्यम से प्रशिक्षण प्रदान करेंगे जिससे और प्रभावी एवं कुशल तरीके से वन एवं वन्य प्राणी प्रबंधन का कार्य किया जा सके। कार्यशाला में हंसने का व्यायाम,मानसिक शांति और सकारात्मकता बढ़ाना, पासिंग का लूपर खेल के माध्यम से क्षमता का सही आकलन करना, बीट का नक्शा बनाकर क्षेत्रीय योजना पर काम करना, कंचा और पाइप जैसे साधनों से टीम तालमेल मजबूत करना, ईको विकास समिति की जानकारी देकर ग्राम स्तर पर सरकारी योजनाओं से जोडन्ना ,रस्सी में गांठ लगाने जैसी गतिविधियों से टीम भावना बढ़ाना प्रस्तुति कौशल विकसित कर कार्यों को प्रभावी रूप से करना शामिल है। बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व प्रबंधन एवं लास्ट वाइल्डरनेस फाउंडेशन संस्था द्वारा संयुक्त रूप से किये जा रहे मेरी बीट मेरा अभिमान प्रशिक्षण कार्यशाला से अग्रिम पंक्ति के बनकर्मियों की कार्य कुशलता में वृद्धि होगी जिससे मानव -वन्य प्राणी टकराव की स्थितियों को काम करते हुए संरक्षण कार्यो में सामुदायिक सहभागिता के साथ-साथ वन एवं वन्य प्राणी प्रबंधन बेहतर तरीके से हो सकेगा।

# सरस्वती उमावि अनूपपुर में शिक्षक दिवस पर हुआ कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।



अनूपपुर विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान से संबद्ध अनूपपुर विद्या भारती सरस्वती शिशु उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में शिक्षक दिवस धूम धाम से मनाया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का पूर्ण संचालन किशोर भारती एवं कन्या भारती के छात्र छात्राओं द्वारा बड़े समर्पण और मनोयोग से किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन, भारत माता और देवी सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन से हुई। उसके बाद सभी आचार्य, दीदी का स्वागत किया गया। स्वागत गीत एवं भाषण हिंदी एवं अंग्रेजी दोनों भाषाओं में प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम मे व्यवस्थापक आदर्श दुबे ने संबोधन में कहा कि हमें केवल ज्ञान देना ही नहीं बल्कि सोचने की शक्ति विकसित करना और समाज को उज्जवल बनाना है। इस अवसर पर शिक्षकों एवं प्रभारी सतीश चन्द्र सिंह द्वारा भाषण भी प्रस्तुत किए गए और किशोर भारती, कन्या भारती के सदस्यों द्वारा विद्यालय द्वारा आचार्य दीदी की सम्मिलित फोटो फ्रेम भेंट की। विशेष रूप से सर्वोच्च स्नेह और सम्मान के साथ शिक्षिकाओं को संस्मरणीय उपहार देकर सम्मानित किया गया। साथ ही सरस्वती सेवा समिति द्वारा भी सभी शिक्षकों को उपहार प्रदान किए गए। कार्यरत अन्य कर्मचाऱयिं को भी सुंदर ड्रेस, वस्त्र, वितरित की गई। इस कार्यक्रम में सरस्वती सेवा समिति के सम्मानित प्रबंध कार्यकारिणी के सदस्य उपस्थित रहे। श्रीमती पुष्पेंद्र सोनी (अध्यक्ष), संरक्षक गजेंद्र सिंह आदर्श दुबे (व्यवस्थापक), श्रीमती रमा मिश्रा (कोषाध्यक्ष) ग्राम भारती के जिला अध्यक्ष बैद्यनाथ त्रिपाठी की उपस्थिति रही।

# राष्ट्रीय के कृमि मुक्ति दिवस एवं एनीमिया मुक्त भारत अभियान का प्रशिक्षण संपन्न



उमरिया।

सेक्टर इंदवार व सेक्टर अमरपुर की समस्त आशा व आशा पर्यवेक्षक की राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस एवं एनीमिया मुक्त भारत अभियान का प्रशिक्षण सीएचसी अमरपुर मे संपन्न हुआ। प्रशिक्षक के रूप में ब्लाक कार्यक्रम प्रबंधक भानु विश्वकर्मा एवं ब्लॉक कम्युनिटी मोबिलाइजर राजेंद्र वर्मा के द्वारा राष्ट्रीय कृमि मुक्ति कार्यक्रम के तहत 23 सितंबर को सभी स्कूल व आंगनवाड़ी केन्द्रो मे 1 से 19 साल तक के बच्चे को कृमी की गोली सभी बच्चों को खाना खाने के बाद खिलाई जानी है जिससे कृमी से मुक्ति मिल सके व 20 से 49 वर्ष तक की प्रजनन काल वाली सभी महिलाओ को भी एल्बेंडाजोल की गोली खिलाई जानी है जो इस दिवस मे गोली खाने से से छूट जाते है तो 26-09-2025 को मापअप दिवस पर खिलाई जानी है, कृमि की गोली से उम्र अनुसार 1 से 2 साल के बच्चे को आधी गोली पीसकर, व 2 से 3 साल के बच्चे को एक गोली पीसकर खाना खाने के बाद खिलाई जाएगी। इसी प्रकार 4 से 19 साल तक के बच्चे को खाना खाने के बाद एक गोलीं चबाकर सभी स्कूल मे शिक्षक द्वारा खिलाई जाएगी व आंगनवाड़ी केंद्र मे आंगनवाड़ी कार्यकर्ता द्वारा खिलाया जाना है व शाला त्यागी बच्चे व प्रजनन काल की 20 वर्ष से 49 वर्ष की सभी महिलाओ को आशा द्वारा कृमि की गोली खिलाई जाएगी, और एनीमिया मुक्त भारत कार्यक्रम की प्रशिक्षण दिया गया, जिसमे 6 माह से 59 माह के बच्चे को आयरन सिरप का सेवन सप्ताह मे 2 बार व शुक्रवार को, 5 से 10 साल के बच्चे को आयरन की 1 गुलाबी गोली प्रति मंगलवार,11 से 19 साल तक के बच्चे को आयरन की 1 नीली गोली खाना खाने के 1 से 2 घंटे बाद खिलाई जाएगी, और 20 से 49 वर्ष की सभी धात्री व प्रजनन काल वाली महिलाओ को एक लाल गोली खिलाई जाती है जिसका प्रशिक्षण दिया गया, इसके साथ ही सभी राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम की समीक्षा की गई। सीएम हेल्पलाइन शिकायत कटवाने हेतु कहा गया, आयुष्मान शत प्रतिशत बनाने हेतु कहा गया, उक्त कार्यक्रम में जिला स्वास्थ्य अधिकारी प्रथम डॉक्टर एस बी चौधरी जिला समन्वयक किशोर स्वास्थ्य डॉक्टर सुरेंद्र पटेल व प्रशिक्षण मे बीपीएम, बीसीएम मलेरिया एमटीएस व सेक्टर एमपीएस , दर्शन महिला कल्याण समिति के मास्टर ट्रेनर आशा,आशा पर्यवेक्षक उपस्थित थे।

## उत्कृष्टता प्रमाण पत्र से सम्मानित हुये शिक्षक




हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

केन्द्रीय विद्यालय अनूपपुर में शिक्षक दिवस समारोह के अवसर पर सत्र 2024-25 में कक्षा 10वीं की बोर्ड परीक्षा में 100 प्रतिशत परीक्षाफल प्राप्त करने वाले विद्यालय के सभी शिक्षकों को प्राचार्य द्वारा उत्कृष्टता प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

**खबर संक्षेप**

### अमरकंटक कपिलधारा पहुंच मार्ग का आज होगा भूमि पूजन



**अनूपपुर।** पवित्र नगरी अमरकंटक के कपिलधारा पहुंच मार्ग लम्बाई 5.10 कि.मी. (टू-लेन) स्वीकृति राशि-1018 लाख का मध्य प्रदेश सरकार द्वारा प्रदान की गई है जिसका भूमि पूजन राकेश सिंह मंत्री लोक निर्माण विभाग, मप्र. शासन के मुख्य आतिथ्य में एवं दिलीप अहिरवार राज्यमंत्री वन, पर्यावरण एवं प्रभारी मंत्री जिला अनूपपुर की अध्यक्षता दिलीप जायसवाल राज्यमंत्री कुटीर एवं ग्रामोद्योग (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती हिमांद्री सिंह, सांसद संसदीय क्षेत्र शहडोल के विशिष्ट आतिथ्य एवं बिसाहूलाल सिंह, विधायक विधानसभा क्षेत्र अनूपपुर, रामलाल रौतेल, पूर्व विधायक अनूपपुर (कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त) हीरा सिंह श्याम, जिलाध्यक्ष (भाजपा) अनूपपुर की गरिमामयी उपस्थिति में आज संपन्न होना है। भूमि पूजन का कार्यक्रम कपिलधारा परिसर, अमरकंटक प्रातः 11 बजे आयोजित किया गया है। इस मार्ग के निर्माण होने से श्रद्धालुओं को आवागमन करने में अब कठिनाइयों का सामना नहीं करना होगा। भाजपा जिला अध्यक्ष हीरा सिंह श्याम ने आयोजित कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील भाजपा के सभी कार्यकर्ता एवं पदाधिकारियों तथा क्षेत्र की जनता से की है।

### आकाशीय बिजली गिरने से 1 महिला समेत 4 मवेशियों की मौत, एक ग्रामीण घायल



**राजेन्द्रग्राम।** जिले के अमरकंटक एवं राजेन्द्रग्राम थाना क्षेत्र में आकाशीय बिजली गिरने कई लोग घायल हो हुए वहीं एक महिला की इलाज के दौरान मृत्यु हो गई। साथ ही 4 मवेशियों की भी मौके पर ही मृत्यु हो गई। प्राप्त जानकारी अनुसार अमरकंटक थाना प्रभारी ने बताया कि क्षेत्र के ग्राम अमगवां में भारी बारिश के बीच खेत में बने घर में आकाशीय बिजली गिरने से चार मवेशी की मौके पर ही मृत्यु हो गई, वहीं 60 वर्षीय किसान दामोदर सिंह पुत्र बलराम सिंह घायल हो गये। हादसे के बाद तुरंत 108 एंबुलेंस को सूचना दी गई। एंबुलेंस पायलट रामसहाय रजक और एमटी रामनाथ ठाकुर की तत्परता से घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पुष्पराजगढ़ पहुँचाया गया, जहाँ उसका उपचार जारी है। राजेन्द्रग्राम थाना प्रभारी पीसी कोल ने बताया कि क्षेत्र में की शाम भारी बारिश के बीच अचलपुर में आकाशीय बिजली की चपेट में 5 लोग आये जिसमे 4 लोगो को मम्मूली असर रहा जिससे वह इलाज के लिए नहीं आयें। आकाशीय बिजली की चपेट में 50 वर्षीय महिला ललिता बाई पति सहदेव बघेल को 108 एंबुलेंस के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पुष्पराजगढ़ में भर्ती कराया गया जहां इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई।

### बैठक मे रेल कर्मचारियों के हित मे लिये गये कई निर्णय



**अनूपपुर।** बिलासपुर कार्मिक विभाग व रेलवे मजदूर कांग्रेस ने 28 व 29 अगस्त को बिलासपुर मंडल पीएनएम बैठक में कार्मिक विभाग से संबंधित एजेंडा के निराकरण बाबत विशेष बैठक की जिसमे अध्यक्षता मंडल कार्मिक अधिकारी रुहीना तुफैल ने किया। बैठक में रेल कर्मचारियों के हित में निर्णय लिये गये जिसमे उमरिया, अनूपपुर के लिए रेल संस्कृति निकेतन भवन हेतु मंडल कार्मिक विभाग से प्रस्ताव बनाया जाएगा, विंध्याचल रेल कर्मचारी रेस्ट हाउस बिलासपुर के बेहतर सुविधा हेतु मजदूर कांग्रेस के साथ सर्वे होगा, कमर्शियल पार्सल विभाग शहडोल व अनूपपुर में 08 घंटे रोस्टर लागू किया जाएगा, इंजीनियर विभाग के रि-डिप्लाइमेंट हेतु 15 सितंबर को विशेष बैठक कर निर्णय लिया जाएगा। मैकेनिकल विभाग के सुपरवाइजर स्टाफ को ब्रैक डाउन के ड्यूटी में ओटी दिया जाएगा, सीनियर लोको पायलट को प्रशासनिक देरी फिक्सेशन में विसंगतियों को दूर प्रोफार्मा फिक्सेशन देकर लाभ दिया जाएगा, रनिंग स्टाफ को चिन्हित क्षेत्र 120 कीलो मीटर के लिए आदेश जारी किया जाएगा। पर्सनल विभाग के मर्जिक को स्वीकार नहीं जाएगा, कमिर्शियल टिकट चेकिंग स्टाफ का बकाया टीए ऐरियस सहित भुगतान होगा। 10 प्रतिशत इंटेक कोटा को बोर्ड के नए नियम के अनुसार जारी होगा, संयुक्त सर्वे कर शहडोल, बृजराज नगर रनिंग स्टाफ के लिए साइकिल स्टैंड को बनाया जाएगा। ट्रैक मेंटेनर के हार्ट ड्यूटी एलाउंस जो रोका गया था वह हार्ट ड्यूटी लॉन्च सभी को प्रदान किया जाएगा, नए नियम के तहत कार्मिक विभाग मैं आवेदन करने पर हाउस रेंट प्रदान किया जाएगा।

## तर्पण और श्राद्ध कर 'पितृ ऋण' चुकाने का चल रहा पखवाड़ा

# किसी भी रूप में आ सकते हैं पूर्वज, भूलकर भी न करें अपमान

**चंद्र ग्रहण से प्रारंभ होकर सूर्य ग्रहण पर समाप्त होगा महापर्व**

**अमरकंटक के आरंडी संगम मे गया से भी बढ़कर मिलता है श्राद्ध-पिंडदान का फल**

पितरों को प्रसन्न करने के लिए जो क्रिया की जाती है वह श्राद्ध कहलाती है और इसके लिए व्यक्ति हर साल पितृपक्ष का इंतजार करता है। पितरों को पिंडदान, तर्पण और श्राद्ध आदि के लिए पितृपक्ष इस साल 7 सितंबर से प्रारंभ होकर सर्वपितृ अमावस्या 21 सितंबर तक रहेगा। खास बात ये कि इस बार पितृपक्ष चंद्र ग्रहण से प्रारंभ होकर सूर्य ग्रहण पर समाप्त होगा।

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।





पितृ पक्ष 7 सितंबर से आरंभ होकर 21 सितंबर तक चलेगा। माना जाता है कि इस दौरान पूर्वज आशीर्वाद देने के लिए किसी न किसी रूप मे जरूर आते हैं, इसलिए जाने-अनजाने में उनका अपमान न करें। भाद्रपद पूर्णिमा से शुरू होकर आश्विन अमावस्या तक पितृ पक्ष चलते हैं। इन 15 दिनों में लोग अपने मृत पूर्वजों का श्राद्ध, पिंडदान या तर्पण आदि करते हैं, इससे पितरों की आत्मा को शांति मिलती है और वे प्रसन्न होकर अपने वंश को आशीर्वाद देते हैं। पितृ पक्ष में पिंडदान और श्राद्ध करना पितरों के प्रति सम्मान प्रकट करना और उन्हें श्रद्धांजलि देने का विशेष अवसर होता है, लेकिन इस समय आपके द्वारा जाने-अनजाने में किए कुछ कामों से पितृ दुखी भी हो सकते हैं।

### किसी भी रूप आ सकते हैं पूर्वज

पितरों के प्रति श्रद्धा का महापर्व महालय या फिर कहें पितृपक्ष की शुरूआत 7 सितंबर से हो चुकी है। ऐसी मान्यता है कि पितृ पक्ष के 15 दिनों में पूर्वज धरती पर आते हैं और किसी न किसी रूप में अपने परिवार से मिलते हैं। अगर जाने-अनजाने में पितरों का अनादर या उपेक्षा करेंगे तो इससे पितृ रुष्ट भी हो सकते हैं। इसलिए जानना जरूरी है कि पितृ पक्ष में पितर किन रूपों में आते हैं। कौआ को पितरों का रूप माना जाता है। इसलिए श्राद्ध में पितरों के लिए बनाया गया भोजन कौवे के लिए भी निकाला जाता है। इसके साथ ही पितृ पक्ष में कबूतर, गौरेया जैसे पक्षियों का घर आना भी पितरों के आगमन का रूप हो सकता है। पितृ पक्ष के समय गाय और कुत्ते जैसे पशुओं का अनादर भी नहीं करना चाहिए। अगर ये पशु घर के द्वार पर आए तो इन्हें दुत्कार कर भगाने के बजाय कुछ न कुछ खाने के लिए जरूर दें। पितृ पक्ष के समय घर पर साधु-संत, फकीर या कोई भिक्षुक आए तो भूलकर भी उनका अपमान न करें और ना ही उन्हें खाली हाथ लौटाएं, क्योंकि इन्हें भी पितरों का रूप माना जाता है, इसलिए इन्हें भोजन कराएं और दान-दक्षिणा देकर ही विदा करें।

### क्या सूर्य ग्रहण से प्रभावित होगा श्राद्ध?

सूर्य ग्रहण केवल दक्षिण गोलार्ध में आस्ट्रेलिया के दक्षिण भाग में अटलांटिक और अंटार्टिका क्षेत्र में सूर्योदय काल में दिखाई देगा। युनिर्वसल समय के अनुसार यह खंड ग्रास सूर्य ग्रहण 17:29 बजे से फिजी द्वीप समूह के उत्तर पूर्वी क्षेत्र से अटलांटिक पूर्वी क्षेत्र के सुदूर क्षेत्र में इसका मोक्ष प्राप्त होगा। इस तरह पूरे पितृपक्ष में सूर्य ग्रहण का प्रभाव नही पड़ेगा। जिसे कारण पितृपक्ष में लोग बगैर किसी बाधा के अपने पितरों के लिए श्राद्ध विधि-विधान से कर पाएंगे।

### यह है मान्यता

पितृ पक्ष के दौरान हिंदू गहरी श्रद्धा के साथ कई अनुष्ठान करते हैं। हिंदू धर्मग्रंथों के अनुसार यह त्यौहार हमारे प्रियजनों की दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि देने के लिए मनाया जाता है, इस आशा के साथ कि उन्हें मानव जीवन से परे किसी सुखी स्थान पर शांति मिली होगी। ये दिन शोक की अवधि होते हैं, जिसके दौरान हमारे पूर्वजों के सम्मान में विभिन्न पूजा-अर्चना, दान और अनुष्ठान किए जाते हैं उनके जीवन मरण के चक्र से मुक्ति की कामना की जाती है और यह कामना की जाती है कि वे स्वर्ग के शाश्वत निवास में पहुँचे।

### नर्मदा तट पर तर्पण से पितरों को मिलती शांति, मोक्ष और संतुष्टि

मध्यप्रदेश की पवित्र नगरी अमरकंटक, जहाँ से नर्मदा, सोन और जोहिला जैसी पुण्य सलिलाएँ उद्गम होती हैं, पितृपक्ष के अवसर पर आध्यात्मिक आस्था और श्रद्धा का प्रमुख केंद्र बन जाती है। यहाँ स्थित आरंडी संगम नर्मदा तट पर श्राद्ध, पिंडदान और जल तर्पण का महत्व गया जी से भी अधिक बताया गया है। धार्मिक मान्यता है कि इस पावन संगम पर किया गया श्राद्ध-पिंडदान गया जी में 16 बार किए गए श्राद्ध के बराबर फलदायी होता है। यहाँ किए गए तर्पण से पितरों को न केवल शांति और मोक्ष प्राप्त होता है, बल्कि वे प्रसन्न होकर वंशजों की सभी मनोकामनाओं को पूर्ण करते हैं। माँ नर्मदा के दक्षिण तट से प्रवाहित आरण्य नदी के संगम पर स्थित यह स्थल संत परंपरा और तपस्या की भूमि है। यहीं परम तपस्वी संत सीताराम दास जी महाराज ने वर्षों तक कठोर साधना की। उनके परम शिष्य संत हरिदास जी महाराज ने भी साधना और तपस्या कर इस धरा को सिद्धभूमि बनाया। मान्यता है कि माता सती अनुसुइया ने इसी स्थल पर 100 वर्षों तक पुत्र प्राप्ति हेतु तप किया, जिसके परिणामस्वरूप भगवान दत्तात्रेय का अवतरण हुआ। धार्मिक विशेषता के अनुसार आरंडी संगम तट पर गंगा दशहरा के दिन मां गंगा स्वयं अपनी बड़ी बहन नर्मदा से मिलने आती हैं।

### पितृपक्ष में उमड़ती श्रद्धा की भीड़

गुफा आश्रम के प्रमुख पंडित केदारनाथ महाराज बताते हैं कि यहाँ वर्षभर पिंडदान, तर्पण, कालसर्प योग पूजन, पितृदोष निवारण तथा मांगलिक पूजन होते हैं। परंतु पितृपक्ष में यहाँ विशेष भीड़ रहती है। देश के कोने-कोने से श्रद्धालु इस पुण्य स्थली पर पहुँचते हैं। आरंडी संगम में किए गए धार्मिक अनुष्ठान, विशेषकर कालसर्प योग और पितृदोष निवारण पूजन, फलदायी माने जाते हैं। इसका महत्व नासिक और उज्जैन जैसे प्राचीन तीर्थों के समकक्ष बताया गया है। मान्यता है कि श्राद्ध-पिंडदान और तर्पण से पूर्वज पितृ प्रसन्न होकर आशीर्वाद देते हैं और वंशजों की मनोकामनाओं को पूर्ण करते हैं।

## 'विकास' की अंधाधुंध दौड़ में खाई में समा गया अमरकंटक का वैतरणी बस स्टैण्ड

# उपेक्षा की अंधकारमयी सुरंग में खोया पवित्र नगरी का बस स्टैंड



### कभी अमरकंटक का था गौरव, आज सिर्फ गंदगी और अंधकार का अड्डा

हरिभूमि न्यूजअमरकंटक।

पवित्र नगरी अमरकंटक दृ जहाँ से मां नर्मदा की अविरल धारा प्रवाहित होती है, जहाँ हर वर्ष हजारों श्रद्धालु तीर्थयात्रा और पर्यटन हेतु आते हैं, वहाँ का वैतरणी बस स्टैंड इन दिनों उपेक्षा की धूल में दबकर कराह रहा है। कभी सुंदरता और सुविधाओं का प्रतीक रहा यह भवन आज अपनी ही जर्जर दीवारों और गंदगी से घिरा खामोश आँसू बहा रहा है।

### कीचड़ से लथपथ दुकानें, भयावह दृश्य

बस स्टैंड भवन के नीचे बनी चार दुकानों का हाल तो और भी बदतर है। दुकानों के सामने वर्षाजल का प्रवाह, कीचड़ और काई का साम्राज्य फैला हुआ है। यात्री रुकना तो दूर, वहाँ से गुजरने में भी डरते हैं कि कहीं फिसलकर चोटिल न हो जाएँ। दुकानदार और यात्री मानो गंदगी के इस दलदल में कैद हो चुके हों। यहाँ से गुजरना किसी दुर्घटना को दावत देने जैसा है।

### अंधेरे और मच्छरों का डेरा

भवन के भीतर न तो प्रकाश है, न ही हवा की व्यवस्था। टिमटिमाते अंधेरे में यात्रियों की साँसें घुटती हैं और गंदगी में पनपते मच्छर रात्रि प्रवास को असंभव बना देते हैं। दिन में असुविधाएँ, और रात में भय, यही इस बस स्टैंड का वर्तमान चेहरा बन गया है।

### इतिहास की गौरवगाथा

यह वही वैतरणी बस स्टैंड है, जिसे वर्ष 1988 में विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण (साडा) अमरकंटक ने तत्कालीन अध्यक्ष भोलानाथ राव के मार्गदर्शन में आईडीएसएमटी योजना अंतर्गत हुडको से लोन लेकर निर्मित कराया था। इस भवन के निर्माण में तत्कालीन सांसद एवं केंद्रीय मंत्री दलबीर सिंह के विशेष प्रयास रहे और इसका लोकार्पण मध्यप्रदेश के तत्कालीन राज्यपाल महामहिम प्रो. के एम. चांडी ने किया था। नर्मदा तट पर बसा यह बस स्टैंड अपनी स्थापत्य कला और भव्यता से संभाग व प्रदेश में पहचान बना चुका था। यह अमरकंटक का गौरव था। परंतु आज वही भवन उपेक्षा की मार झेलते हुए मूक विलाप कर रहा है। प्रतिदिन यहाँ से आधा सैकड़ा से अधिक बसें, सैकड़ों टैक्सी और ऑटो वाहन यात्रियों को लेकर निकलते हैं। स्थानीय दुकानदारों, यात्रियों, बस कर्मियों और पर्यटकों ने सामूहिक स्वर में मांग की है कि जिला प्रशासन तत्काल इस बस स्टैंड के मरम्मत, प्रकाश व्यवस्था, पंखों और नियमित सफाई की व्यवस्था कराए।



**समय पर जवाब फीड न करने पर शास्ति की जायेगी अधिरोपित**

## कलेक्टर ने 61 आवेदन पत्रों में की सुनवाई

**हरिभूमि न्यूज** अनूपपुर।जिला स्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम मंगलवार को कलेक्ट्रेट स्थित नर्मदा सभागार में आयोजित किया गया। कलेक्टर हर्षल पंचोली ने 61 आवेदनों पर जनसुनवाई करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई में प्राप्त प्रकरणों के जवाब समय पर फीड न किए जाने पर संबंधित विभाग के विरुद्ध शास्ति अधिरोपित की जाएगी। ताकि आवेदकों के समस्याओं को प्राथमिकता में रखते हुए निराकरण सुनिश्चित किया जा सके। जनसुनवाई में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत तन्मय वशिष्ठ शर्मा, अपर कलेक्टर दिलीप कुमार पाण्डेय, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कोतमा अजीत तिर्की, सभी तहसीलों के तहसीलदारों एवं विभिन्न विभागों के जिला अधिकारीगणों ने भी आवेदकों की समस्याएं सुनी। जनसुनवाई में ग्राम कदमटोला तहसील अनूपपुर की कौशिल्या महरा ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ दिलाए जाने, ग्राम पथरौड़ी तहसील कोतमा की सीता बाई ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाए जाने, ग्राम खोलइया तहसील जैतहरी के रतनू कोल ने वनाधिकार प्रमाण पत्र प्रदान किए जाने तथा अन्य आवेदकों ने पट्टे की भूमि का सीमांकन व नक्शा तरमीम कराने, संबल योजना के तहत सहायता राशि दिलाए जाने व समग्र आईडी में सुधार कराए जाने आदि के संबंध में आवेदन दिए।

### अधिरोपित की गई शास्ति

जिला स्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम मंगलवार को कलेक्ट्रेट स्थित नर्मदा सभागार में आयोजित किया गया। कलेक्टर हर्षल पंचोली ने जिलेभर से आए आवेदकों की समस्याएं सुनी। इस दौरान आवेदककृष्ण प्रताप सोनी तथा रमेश कुमार यादव द्वारा जनसुनवाई में समस्या का निराकरण ना मिलने के कारण पुनः जनसुनवाई में आने पर कलेक्टर ने नाराजगी व्यक्त की तथा संबंधित अधिकारियों पर एक-एक हजार रुपये की शास्ति अधिरोपित कर शास्ति की राशि प्रतिकर के रूप में संबंधित आवेदकों को उपलब्ध कराया।

**पौधारोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश**

## स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग कर आत्मनिर्भर भारत बनाने की अपील



**हरिभूमि न्यूज राजेन्द्रग्राम।** 9 सितंबर को विकासखंड पुष्पराजगढ़ के ग्राम पोड़की हनुमान मंदिर प्रांगण में एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष मोहन नागर, मध्य प्रदेश कोल विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष रामलाल रौतेल व मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के कार्यपालक निदेशक डॉक्टर बकुल लाड द्वारा पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। इस अवसर पर मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के संभाग समन्वयक बीएस डामोर एवं जिला समन्वयक उमेश पांडे प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। पौधारोपण अभियान कार्यक्रम का शुभारंभ मंदिर में विराजे हनुमान जी की आरती कर पूजा अर्चना के साथ किया गया। अपने उद्बोधन में मोहन नागर ने कहा कि मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद आप लोगों को साथ लेकर गांव-गांव में जाकर सामाज को जागरूक करने का कार्य कर रहा है। जिसमें जन अभियान कार्यक्रम अंतर्गत माटी गणेश सिद्ध गणेश अंतर्गत गणेश प्रतिमाओं का निर्माण, एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत पौधारोपण के साथ नवांकुर संस्था के माध्यम से प्रस्फुटन समिति एवं नवांकुर सखियों का गठन कर प्रत्येक ग्रामों में पौधारोपण सुनिश्चित करना, तिरंगा अभियान अंतर्गत हर घर में तिरंगा लगाकर राष्ट्रभक्ति की भावना जागृत करना, जल गंगा अभियान अंतर्गत जल को स्वच्छ रखना व प्रदूषित होने से बचाने का कार्य, स्वच्छता अभियान चलाकर घर गांव को स्वच्छ रखने हेतु लोगों को जागरूक करने का कार्य आप लोगों के माध्यम से किया जा रहा है। उन्होंने स्वदेशी वस्तुओं को अपनाकर इनका अधिक से अधिक उपयोग कर आत्मनिर्भर भारत बनाने के लिए जागरूक किया गया। नवांकुर एवं प्रस्फुटन समितियां के माध्यम से गांव के लोगों को साथ में लेकर सामाजिक जागरूकता के कार्य किए गये। सीएमसीएलडीपी अंतर्गत कक्षाओं का संचालन कर जन अभियान परिषद सामाजिक क्षेत्र में कार्य कर रहा है। इन सभी कार्यों में आप लोगो की सहभागिता आवश्यक है। इस अवसर पर मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष मोहन नागर जी का रामलाल रौतेल द्वारा नर्मदा जी की मूर्ति व श्रीफल शाल भेट कर सम्मान किया गया इसी प्रकार से संभाग समन्वयक बीएस डामोर द्वारा मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के कार्यपालक निर्देशक डॉक्टर बकुल लाड का श्रीफल साल भेटकर सम्मान किया गया। अतिथियों का आभार प्रदर्शन बीएस डामोर द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन परामर्शदाता रमेश तिवारी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित प्रमुख रूप से ब्लॉक समन्वयक फत्ते सिंह, सरपंच गजानंद सिंह, बब्बू चंद्रवंशी अमन त्रिवेदी ओमकांत शुक्ला दिनेश विश्वकर्मा नवांकुर संस्था से भगत गोयल, सुमरत पड़वार, राम सिंह सीएमसीएलडीपी छात्र, प्रस्फुटन समिति, नवांकुर सखी एवं ग्रामीण जन प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# सेवा पखवाड़ा केवल पार्टी का कार्यक्रम नहीं, बल्कि जनसेवा का जनांदोलन

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।



17 सितंबर से भारतीय जनता पार्टी के द्वारा प्रारंभ किया जा रहे सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम को लेकर भाजपा अनूपपुर जिला कार्यशाला भाजपा कार्यालय में 9 सितंबर को आयोजित की गई जिसमें प्रमुख रूप से भाजपा जिला अध्यक्ष हीरा सिंह श्याम पूर्व जिला अध्यक्ष रामदासपुरी जिला महामंत्री कार्यक्रम के जिला संयोजक जितेंद्र सोनी जिला महामंत्री अखिलेश द्विवेदी कार्यक्रम के सह संयोजक सिद्धार्थ सिंह श्याम नारायण शुक्ला रवि राठौर सभी अतिथियों ने 'सेवा पखवाड़ा' पर आयोजित जिला स्तरीय कार्यशाला को दीप प्रज्वलन एवं महापुरूषों को पुष्पांजलि अर्पित कर शुभारंभ किया। जिला अध्यक्ष हीरा सिंह श्याम ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा राष्ट्रहित, सांस्कृतिक गौरव और जनसेवा पर आधारित है, यही हमारी सबसे बड़ी ताकत है। हमारे कार्यकर्ता तपोनिष्ठ एवं राष्ट्र सेवा के संकल्प से बने हैं। सेवा पखवाड़ा हमारे लिए केवल कार्यक्रम नहीं है बल्कि जनसेवा का जनांदोलन है। पार्टी के कार्यक्रमों का लक्ष्य कार्यकर्ताओं का निर्माण है। इसलिए हमें आने वाले कार्यक्रमों से नए कार्यकर्ताओं को जोड़ना है। स्वदेशी और आत्मनिर्भर भारत जैसे विचारों से युवा पीढ़ी को अवगत कराना होगा। भाजपा जिला अध्यक्ष हीरा सिंह श्याम ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता सेवा पखवाड़े में आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों के उद्देश्य को समझें और समर्पण से काम में जुट जाएं। विकसित भारत सिर्फ संकल्प नहीं, सिद्धि का मार्ग है। संकल्प लेकर पूरे समर्पण के साथ सेवा पखवाड़े में बढ़-चढ़कर भाग लें। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मंत्र है 'सेवा परमो धर्म'। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी का जन्मदिवस 17 सितंबर से महात्मा गांधी जयंती 2 अक्टूबर तक जिले में विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से 'सेवा पखवाड़ा' मनाया जाएगा। जिले भर में आयोजित होंगे कार्यक्रम सेवा पखवाड़ा" के जिला संयोजक जितेंद्र सोनी ने आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए कहा कि 11 से 13 सितंबर तक मंडल स्तर में कार्यशालाओं का आयोजन किया जाएगा। 17 से 24 सितंबर तक स्वास्थ्य शिविर, 18 सितंबर से 2 अक्टूबर तक रक्तदान शिविर व प्रदर्शनी, 19 - 20 सितंबर को प्रबुद्वजन सम्मेलन। 25 सितंबर को पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर उनकी प्रतिमाओं पर पुष्पांजलि अर्पित कर 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित होंगे। 27 और 28 सिंतबर को दिव्यांग और विशिष्टजनों का सम्मान किया जाएगा। हमें 2 अक्टूबर को गांधी जयंती और पूर्व प्रधानमंत्री स्व. लाल बहादुर की जयंती पर उनकी प्रतिमाओं पर पुष्पांजलि कर खादी की सामग्री क्रय कर जन-जन को जागरूक करके स्वदेशी को बढ़ावा देना है। आयोजित कार्यशाला में भाजपा के सभी आपेक्षित कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित रहे।